झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

7 फाल्गुन, 1942 (श०)

संख्या-157 राँची, शुक्रवार, 26 फरवरी, 2021 (ई०)

वाणिज्य-कर विभाग

अधिसूचना

24 फरवरी, 2021

अधिसूचना सं०-वा०कर/विविध/34/2019-598,-- GST कर प्रणाली के अनुरूप आवश्यकतानुसार समीक्षोपरान्त वाणिज्य-कर विभाग के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर झारखण्ड वित्त सेवा के अधिकृत संवर्ग में विभिन्न कोटी के 104 अतिरिक्त पदों के सृजन के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के आलोक में निम्नवत् पद सृजित किया जाता है:-

क्र. सं०	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	राज्य-कर विशेष आयुक्त	37400&67000 GP 8900 Level-13A	05
2	राज्य-कर अपर आयुक्त	37400&67000 GP 8700 Level-13	17
3	राज्य-कर संयुक्त आयुक्त	37400&67000 GP 8700 Level-13	25
4	राज्य-कर उपायुक्त	15600&39100 GP 7600 Level-12	15
5	राज्य-कर सहायक आयुक्त	15600&39100 GP 6600 Level-11	42
		कुल	**104**

नोट:- पॉच (05) राज्य कर विशेष आयुक्त में से एक (01) पद भारतीय प्रशासनिक सेवा (Level-13), एक (01) पद भारतीय राजस्व सेवा/झारखण्ड वित्त सेवा एवं शेष तीन (03) पद झारखण्ड वित्त सेवा के पदाधिकारियों के लिए स्वीकृत किया जाता है।

2. राज्य-कर पदाधिकारी एवं पदचर के क्रमशः 48 पद एवं 200 पद अर्थात् कुल 248 पदों को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के आलोक में प्रत्यर्पित किया जाता है।

3. उपर्युक्त पद सृजन के फलस्वरूप झारखण्ड वित्त सेवा के अधिकृत संवर्ग संख्या एवं संरचना में निम्नवत् अभिवृद्धि की जाती हैः-

क्र. सं.	पद सोपान	अपुनरीक्षित पे बैंड/ वेतनमान/ ग्रेड पे	Level	पूर्व से स्वीकृत पदों की संख्या	अतिरिक्त सृजित/प्रत्यपित पदों की संख्या	कुल पदों की संख्या
1	राज्य-कर विशेष आयुक्त	PB- IV (37400-67000)/ 8900	Level- 13A	0	05	05
2	राज्य-कर अपर आयुक्त	PB- IV (37400-67000)/ 8700	Level- 13	02	17	19
3	राज्य-कर संयुक्त आयुक्त	PB- IV (37400-67000)/ 8700	Level- 13	19	25	44
4	राज्य-कर उपायुक्त	PB- III (15600-39100)/ 7600	Level- 12	45	15	60
5	राज्य-कर सहायक आयुक्त	PB- III (15600-39100)/ 6600	Level- 11	80	42	122
6	राज्य-कर पदाधिकारी	PB- II (9300-34800)/ 5400	Level- 09	241	(-) 48	193
कुल				**387**	**56**	**443**

4. वाणिज्य-कर विभाग में इन पदों का व्यय वहन मुख्यालय स्तर पर मुख्य शीर्ष 2040-बिक्री- व्यापार आदि पर कर, लघुशीर्ष-001- निदेशन एवं प्रशासन, उपशीर्ष-04-अधीक्षण तथा क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर मुख्य शीर्ष 2040 बिक्री व्यापार आदि पर कर लघु शीर्ष 101-संग्रहण प्रभार, उप शीर्ष-02 जिला प्रभार के अंतर्गत गैर योजना मद से किया जायेगा।

5. वाणिज्य-कर विभाग के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर पदो के सृजन एवं प्रत्यर्पण हेतु कंडिका 1, 2 एवं 3 पर प्रशासी पदवर्ग समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

6. राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक 03.02.2021 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या 29 के रुप में वाणिज्य-कर विभाग के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर पदों के सृजन एवं प्रत्यर्पण हेतु कंडिका 1, 2 एवं 3 पर स्वीकृति प्राप्त है।

7. पूर्व में निर्गत एतद् संबंधी अधिसूचना/संकल्प इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

आदेश- आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना को झारखण्ड सरकार के असाधारण गजट में प्रकाशित किया जाये।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,

वंदना दादेल,
सरकार के प्रधान सचिव

रखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 157 -- 50